India., State Trading Corpn. of India, Indian Oil Corporation Ltd.. are to sign MOU for 1989-90.

The increase in the prices of coal has been necessitated because of increase in the cost of production due to escalation in wages on account of VDA, stores, capital cost etc. The premium on superior grades produced in Raniganj and Korea Rewa fileds has been levied in view of the scarcity of these types of coal in relation to the demand for them.

## छोटी कारों का निर्माण

532. **श्री अजीत जोगी:**
**श्री पृथ्वी माझी:**

**क्या उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क) क्या यह सच है कि हाल ही में मारुति कारों** की कीमतें पुनः बढ़ा दी गई है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि मारुति कारों का निर्माण देश में इसलिये प्रारम्भ किया गया था ताकि मध्यम वर्गीय लोगों को कम कीमत पर छोटी कार उपलब्ध हो सके;

(घ) यदि हां, तो इस उद्देश्य की प्राप्ति मे मारुति उद्योग लिमिटेड के सफल न रहने के क्या कारण हे, और

(ङ) क्या मारुति उद्योग लि० की इस प्रकार की कार बनाने मे असफलता को देखते हुए मध्यमवर्गीय लोगों के लिये इन कारों के वर्तमान मूल्यों की तुलना मे कम कीमत की छोटे साइज की कार बनाये जाने के संबंध मे कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

**उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगल राव):** (क) और (ख) जी हां। मारुति वाहनों के मूल्य 16-1-89 मे, अमरीकी डालर की तुलना में रुपये में कमी तथा कच्चे माल और खरीदे जाने वाले हिस्से पुर्जों की लागत मे वृद्धि के कारण बढ़ाए गए थे।

(ग) और (घ) मारुति वाहनों के निर्माण के मुख्य उद्देश्यों मे मोटर गाडी उद्योग के आधुनिकीकरण के साथ ईधन क्षम वाहनों का उत्पादन तथा आर्थिक विकास की आवश्यकताओं के लिए अनिवार्य मोटर वाहनों का उच्च उत्पादन शामिल है। मारुति उद्योग लिमिटेड अपनी परियोजना रिपोर्ट मे दिए गए लक्ष्यों से कही अधिक ईधन क्षम वाहनों को, सारे भारतवर्ष के लोगो को अन्य अच्छे स्थापित माडलों की कीमत से कम मूल्य पर, उपलब्ध कराने में सफल रहा है।

(ङ) सवारी कारों का मूल्य कच्चे माल हिस्से पुर्जों और अन्य अन्तर्वस्तुओं की लागत के साथ-साथ, वित्तीय लेविया जैसे विभिन्न कारणो पर निर्भर करता है।

## मध्य प्रदेश में बिरसिंगपुर पाली में पात विद्युत गृह का निर्माण

533. **श्री अजीत जोगी:**
**श्री पृथ्वी माझी:**

क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मध्य मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के बिरसिंगपुर पाली नामक स्थान पर बन रहे ताप विद्युत गृह के निर्माण की प्रगति किसी न किसी कारण से बहुत धीमी रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) आरम्भ, उक्त ताप विद्युत गृह के निर्माण में कितने वर्ष लग जाने थे और तब से अब तक, कितने व्यतीत हो चुके?

**ऊर्जा मंत्रालय के विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय):** (क) से (ग) संजय गांधी (वीरसिंह पुर) ताप विद्युत परियोजना के 210-210